**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5721**

**06 अप्रैल, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**हथकरघा और वस्त्र परियोजनाओं को सहायता देना**

**5721. श्री बी.बी. पाटील:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार की तेलंगाना राज्य सहित देश में हथकरघा और वस्त्र परियोजनाओं को सहायता देने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने वस्त्र और परिधान क्षेत्र के लिए विनिर्माण क्षेत्रों के विकास के लिए नीति को अंतिम रूप दे दिया है ताकि काकातीय मेगा टेक्सटाइल पार्क (केएमटीपी) जैसी परियोजनाओं को उपयुक्त लाभ मिल सके; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

**(क):** सरकार तेलंगाना राज्य सहित पूरे देश में हथकरघा को समर्थन और बढ़ावा देने और हथकरघा बुनकरों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम और कच्चे माल की आपूर्ति योजना लागू कर रही है। योजना के तहत, पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों को कच्चे माल, घरेलू/विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पादों के सामान्य बुनियादी ढांचे के विकास विपणन, बुनकर मुद्रा ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, सरकार अखिल भारतीय आधार पर वस्त्र क्षेत्र के संवर्धन और विकास के लिए संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (ए-टीयूएफएस), विद्युतकरघा विकास योजना (पावर-टेक्स), एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी), समर्थ- वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना, जूट (आईसीएआरई- बेहतर खेती और उन्नत रेटिंग प्रक्रिया), एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना (आईपीडीएस), रेशम समग्र, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम (आईडब्ल्यूडीपी), राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन आदि जैसी विभिन्न योजनाओं को भी क्रियान्वित कर रही है।

**(ख) और (ग):** सरकार ने 2027-28 तक सात वर्षों की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्लग और प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचा विकसित करने के लिए ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड स्थलों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने की मंजूरी दी है।

अब तक पीएम मित्र पार्कों की स्थापना के लिए तेलंगाना राज्य सहित 13 राज्य सरकारों से 17 प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट मंत्रालय को प्राप्त हो चुकी हैं। पीएम मित्र पार्कों के लिए स्थलों का चयन परियोजना अनुमोदन समिति द्वारा चुनौती पद्धति से किया जाएगा।

****